an>

Title: Need to increase the coverage area of community radio stations in the rural areas of the country.

श्री प्रहलाद सिंह पटेल (दमोह) : माननीय अध्यक्ष महोदया, मैं एक लोक महत्व के वृहद् विÂषय को लेकर आपके सामने खड़ा हूं। मध्य प्रदेश और सारे देश में जो कम्युनिटी रेडियो हैं, उनकी सारे देश में रेंज केवल 15 किलोमीटर है। मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करना चाहता हूं कि उसकी रेंज 50 किलोमीटर इसलिए करनी चाहिए, क्योंकि चाहे लोक गीत हो, लोक संगीत हो, लोक कला, स्थानीय पर्यटन और जो स्थानीय खेती के तौर तरीके होते हैं, इन सबके लिए वह सबसे कारगर कदम है। उसके ट्रांसमीशन की अभी जो पूरे देश में रेंज है, वह केवल 15 किलोमीटर है। मध्य प्रदेश के झाबुआ में यह 20 किलोमाटर है। इसलिए वह और बढ़ सकती है। अतः चाहे ट्रांसमीटर की कैपेसिटी को बढ़ाने की बात हो या रेंज बढ़ाने की बात हो, मैं सरकार के ध्यान में लाना चाहता हूं कि यह सबसे कारगर कदम है। प्रधान मंत्री जी के "मन की बात" कार्यक्रम के बाद देशभर में इसका महत्व और बढ़ गया है। अतः मैं आपके माध्यम से भारत सरकार से उसकी रेंज 50 किलोमीटर तक बढ़ाने की मांग करता हूं।

माननीय अध्यक्ष : डॉ. मनोज राजोरिया, कुंवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री प्रहलाद सिंह पटेल द्वारा उठाए गए विÂषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।